[This question paper contains 4 printed pages.]

9055 *आपका अनुक्रमांक* ________

Concurrent Course for Honours Prog. **AS**

समवर्ती ऑनर्स प्रोग्राम पाठ्यक्रम

HINDI LANGUAGE (Higher) – Qualifying Course

हिन्दी भाषा (उच्चतर) – योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

(प्रवेशवर्ष 2005 और तत्पश्चात्)

समय : 2 घण्टे *पूर्णांक : 50*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी *प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के उत्तर* **300** *शब्दों में और टिप्पणियाँ* **150** *शब्दों में लिखिए।*

खण्ड – एक

1. आजादी से पूर्व हिंदी भाषा के प्रसार की चर्चा कीजिए।

अथवा

हिंदी भाषा ने राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन को जनव्यापी बनाया – इस कथन पर विचार कीजिए। (6)

2. सम्पर्क भाषा के रूप में हिंदी की अखिल भारतीय स्थिति पर प्रकाश डालिए।

अथवा

राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए। (6)

3. जनसंचार माध्यम के विविध रूपों और उनकी उपयोगिता को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

किन्हीं दो हिंदी समाचार चैनलों से प्रसारित समाचारों की भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए। (6)

4. किन्हीं चार पर टिप्पणी कीजिए :

(i) हिंदी वर्तनी का मानकीकरण

(ii) कार्टून-कार्यक्रमों की भाषा

(iii) बजट संबंधी समाचारों की भाषा

(iv) सम्पादकीय पृष्ठ की भाषा

(v) फिल्मी गीतों की भाषा

(vi) पेय-पदार्थों के विज्ञापन की भाषा (4×3=12)

खण्ड – दो

5. महिलाओं के प्रति बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए समाचार-पत्र संपादक के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

खेल-पत्रकार पद के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए। (3)

6. निम्नलिखित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के हिंदी-प्रतिरूप लिखिए :

(क) किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप –

Audition, Authority, Capital, Circular, Contract, Depositor, Editorial, Empire (2½)

(ख) किन्हीं पाँच प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिंदी प्रतिरूप –

Action may be taken as proposed, Call for an explanation, Seen and returned, For information only, The proposal is quite in order, Administrative approval may be obtained, Please speak, I agree, Draft approved as amended. (2½)

(ग) किन्हीं चार मुहावरे-लोकोक्तियों के हिंदी प्रतिरूप –

Between the devil and deep sea, Hold your mouth, To beat about the bush, To clear the air, To freeze out, Where there is a will there is a way. (2)

7. 'घने कोहरे का वो दिन' का पल्लवन कीजिए। (अधिकतम 200 शब्द)

अथवा

निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक देते हुए उसका संक्षेपण कीजिए :

यूरोप के देश जर्मनी की भारतीय साहित्य और संस्कृति के प्रति दिलचस्पी काफी पुरानी है। 19 वीं. सदी में एक ऐसा भी दौर था जब पूरे यूरोप

में संस्कृत भाषा के प्रति दिलचस्पी बढ़ी हुई थी। ऐसा इसलिए भी हुआ था क्योंकि जर्मन लोग लातिन भाषा सीखने को लेकर उत्सुक रहते थे और लातिन एवं संस्कृत भाषाएं काफी समानताएं रखती हैं। आज बदले हुए समय में जर्मनी में संस्कृत भाषा के प्रति रूचि में कमी आई है पर अच्छी बाज यह है कि आज भी वहाँ हिंदी के प्रति दिलचस्पी बनी हुई है। इसका बहुत बड़ा कारण एशियाई आबादी के एक बड़े तबके से सम्पर्क साधना और बॉलीवुड फिल्में भी हैं। (4)

8. किसी एक विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए:

(i) राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन

(ii) बढ़ते वाहन घटती सड़कें

(iii) चौराहों पर भीख माँगता बचपन

(iv) कॉलेज का पहला दिन (6)